>

Title: Need to provide financial package to the drought affected farmers of Vidarbha region and Maharashtra.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से महाराष्ट्र और विशेषकर विदर्भ क्षेत्र में जो अकाल पड़ा हुआ है, उसके बारे में केन्द्र सरकार को अवगत कराकर मदद मांग रहा हूं।

सभापति जी, इस साल खरीफ फसल के नष्ट होने के कारण सर्वाधिक किसानों ने आत्महत्यायें की हैं। चन्दरपुर, गढ़चिरौली और यवतमाल जिलों में फसलों पर अनेक बीमारियों के आक्रमण के कारण फसल नष्ट हो गई हैं। मैंने इसकी शिकायत केन्द्र सरकार से की थी। केन्द्र सरकार ने अधिकारियों की एक टीम भेजकर उसकी जांच के लिये एक सर्वे किया है लेकिन उसके बाद नष्ट हुई फसल के बदले में केन्द्र सरकार ने किसानों को कोई आर्थिक मदद नहीं दी है। बड़ी मुश्किल से किसानों ने यहां पर रबी की फसल बोई है परन्तु जलाशयों, नदियों और कुओं में पानी नहीं होने के कारण सिंचाई नहीं हो पायी और इस प्रकार रबी की फसल भी बरबाद हो गई है।

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से विनती करता हूं कि जहां कहीं भी अधिक किसानों ने आत्महत्यायें की हैं या उन पर मुसीबत आयी है, उन किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिये जांच हेतु सर्वे कराया जाये ताकि किसानों की आर्थिक मदद हो सके।